# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

अंक :170

मई 2016

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष


- मई 2016 में 27 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 12
- उदयपुर का तापमान मई माह में : अधिकतम 46.4$^{0}$ सेल्सियस, न्यूनतम 24.0$^{0}$ सेल्सियस रहा।
- अप्रेल माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ाष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग–

कोषाध्यक्ष जी विदेश यात्रा पर होने से यह जानकारी अगली रिपोर्ट में दी जाएगी।

## समिति की कार्यकारिणी परिषद की बैठक

समिति परिसर में आयोजित हुई जिसमें 23 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की कार्यवाही डॉ. के.एल. कोठारी की अध्यक्षता में हुई। पिछली मीटिंग के मिनिट्स पढ़े गए। कार्य प्रगति का विवरण कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** एवं अध्यक्ष **डॉ. के. एल. कोठारी** ने प्रस्तुत किया। यह जानकारी दी गई कि एम. एल.ए. फंड से समिति को विज्ञान प्रयोगशाला बनाने के लिए 10 लाख रु. की स्वीकृति हुई है। यह भी जानकारी दी गई कि महाराणा प्रताप एवं कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से आपसी सहयोग के लिए एम.ओ.यू. हुआ है। हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान् मदनसिंह जी-लीला जी सुराणा** एवं सरंक्षक सदस्य **श्री प्रफ्फुल सुराणा** हांगकांग से अभी उदयपुर आए हुए हैं। उन्हें बैठक में बुलाने का प्रयास किया गया किंतु स्वास्थ्य की प्रतिकूलता के कारण यह संभव नहीं हो सका। जानकारी दी गई कि सुराणा सा. ने 1 लाख रु. हाल में सरस्वती की मूर्ति स्थापित करने के लिए दिए हैं, स्थान निर्धारित कर सरस्वती की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

इस वर्ष विज्ञान वर्ग की 120 बालिकाओं को 2,50,000रु. (दो लाख पचास हजार)की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृति के लिए मुख्य दानदाता थे **श्री मदनसिंह जी लीला जी सुराणा, श्री ख्यालीलाल जी बोहरा, स्व. श्री ललित बक्षी परिवार, श्रीमती चंद्रा भण्डारी, प्रो. जे.एन. कविराज, श्री इब्राहिम अली, प्रो. अगवानी, श्री हितावाला, स्वरूप विलास होटल, श्री विनोद कुमार सूद** एवं अन्य जिन्होंने 1000रु. से 3000रु. तक सहयोग किया। उदयपुर स्मार्ट सिटी के संदर्भ में समिति के वैचारिक योगदान संबंधी भी जानकारी दी गई।

सात नए व्यक्तियों को समिति के सदस्य बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई ये हैं – **प्रो. डॉ. सोहनराज तातेड़** इंजीनियर एवं शिक्षाविद्, जोधपुर, **डॉ. सूर्यप्रकाश धाकड़**, दंत विशेषज्ञ, अमेरिका, **डॉ. टी.सी. जैन,** कृषि विशेषज्ञ (अध्यापक, अनुसंधानकर्ता एवं विश्व बैंक सलाहकार), गुड़गांव, हरियाणा, **इंजी. अरुण कुमार अग्रवाल,** पूर्व मुख्य अभियंता, सिंचाई विभाग, **श्री हीरालाल पगारिया,** सामाजिक कार्यकर्ता, **श्री बी.एल.पोखरना,** समाजसेवी एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सक, **श्री एल.एन. शर्मा,** सेवानिवृत डिविजनल इंजीनयिर टेलीकॉम, एक्यूप्रेशर, मेडिटेशन एवं क्रिया योग विशेषज्ञ।

**श्री बी.एस. मेहता** ने 51 हजार रु. का चंदा प्रदान किया गया। अतः उन्हें संरक्षक सदस्य स्वीकार किया गया है। नीचे के कक्ष का नाम **'महावीर स्वाध्याय कक्ष'** सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

विज्ञान प्रयोगशाला निर्माण के लिए **इंजी. श्री मधुसुदन जी पंड्या** को समिति का संयोजक बनाया गया तथा प्रयोगशाला तकनीकी विकास एवं संचालन के लिए **प्रो. महीप भटनागर** को संयोजक बनाया गया। **स्व. श्री एम.पी. बया सा.** ने समिति के प्रस्ताव पर ऊपर वाले नए सभा कक्ष को कान्फ्रेन्स रुम बनाया जाए उसके लिए दो लाख रु. आर्थिक सहयोग उन्होंने प्रदान किया था। इस संबंध में निर्णय हुआ कि डिटेल एस्टीमेट बनाकर कुल आवश्यक राशि का प्रबन्ध कर इसकी क्रियान्विति की जाए।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस समारोह :** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष






भी प्रौधोगिकी दिवस पूर्ण उत्साह से मनाया गया। यह सामान्यतया 11 मई को मनाया जाता है पर इस वर्ष प्रमुख वक्ता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 10 मई सायंकाल 4.30 बजे से आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि थे राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष **श्री कैलाश मेघवाल**। अध्यक्षता



सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रो. आई.वी. त्रिवेदी** ने की। प्रमुख वक्ता थे अहमदाबाद के प्रसिद्ध हृदय रोग शल्य चिकित्सक **डॉ. अनिल जैन**। उनकी वार्ता का विषय था **''हृदय शल्य चिकित्सा में क्रमिक विकास''**। वार्ता अत्यन्त रौचक, ज्ञानर्धक एवं उपयोगी रही। प्रबुद्ध वक्ता ने सरल हिन्दी में पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन से वार्ता प्रदान की और



भविष्य की संभावनाएं भी बताई। वक्ता ने प्रारम्भ में यह भी कहा था कि उन्होंने जब वे 7वीं कक्षा में पढ़ते थे तभी निर्णय ले लिया था कि वे हृदय शल्य चिकित्सक बनना चाहेंगे।

इस वर्ष एक नया अवार्ड – **डॉ. डी.एस. कोठारी एक्सीलेन्स अवार्ड** प्रारम्भ किया गया जो ऐसे व्यक्ति को प्रदाप किया जाएगा जिसने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रव्यापी ख्याति अर्जित



की है। इस वर्ष का यह पहला सम्मान **डॉ. अनिल जैन** को ही दिया गया। पिछले पांच वर्षों की भांति उदयपुर में तकनीकी के उपयोग से उत्कृष्ट सेवा करने वाले व्यक्ति को इस वर्ष भी सम्मान दिया गया। इस वर्ष युवा उद्यमी **श्री राजकुमार सुराणा** को दिया गया। इस




अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए श्री कैलाश मेघवाल ने दर्द भरी अभिव्यक्ति दी कि देश में प्रौद्योगिकियों के विकास में तथा प्रौद्योगिक मनीषियों के उपयुक्त सम्मान में



ब्यूरोक्रेट्स एवं नेता बाधक बनते हैं। इस कार्यक्रम में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स(इंडिया) उदयपुर लोकल सेन्टर के तथा माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन राजस्थान, उदयपुर चेप्टर ने भी प्रतिवर्ष की भांति सहभागिता निभाई । स्वागत **डॉ. एल. कोठारी** ने किया। प्रौद्योगिकी दिवस पर इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स(इंडिया) उदयपुर लोकल सेन्टर के **इंजी. ए.एस. चुंडावत** ने प्रकाश डाला। आभार समिति कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड** ने दिया। सफल संचालनन **प्रो. के.पी. तलेसरा तथा प्रकाश तातेड़** ने किया। कार्यक्रम उपरान्त स्नेह भोज का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में सभाकक्ष खचाखच भरा हुआ था।

● **लोकविज्ञान :** मई अंक में **हमारी अंतस्रावी ग्रंथिया-2, मानसिक तनाव और योग द्वारा प्रबन्धन, विश्व स्तरीय डाइग्नोस्टिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी:एसिक्स-100, शुक्र के बादल बरस सकते हैं, स्थान बदलते महाद्वीप, आकाश नीला क्यों होता है** आदि का समावेश है।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** नवाचार महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 मई को आयोजित हुई जिसमें 50 सदस्याओं ने भाग लिया। **श्रीमती मीनू तलेसरा** ने साबूदाना खिचड़ी, मैंगो रोल, मैंगो संदेश आदि बनाना सिखाया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बहुत रुचि ली और अपनी ओर से भी कई टिप्स दिए। कुछ मनोरंजनात्मक कार्यक्रम भी हुआ।

●**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 20 अप्रेल को आयोजित हुई जिसमें 40 सदस्याओं ने भाग लिया। आमोद–प्रमोद एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां हुई।

**ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** इस माह गर्मी अत्यधिक होने से आयोजित नहीं हो सका।

## विद्यार्थी उन्नयन

समिति विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहयोग पिछले कई वर्षों से दे रही हैं जैसे छात्रवृत्ति, पाठ्य सामग्री, स्वास्थ्य परीक्षण, प्रतियोगिताएं, अध्यापन कार्य आदि। इस वर्ष एक नई गतिविधि का शुभारंभ किया गया जिसमें विद्यार्थियों के तनाव प्रबन्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला 27–28 मई 2016 को आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी** एवं **डॉ. एन.एल. गुप्ता** ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। कार्यशाला में प्रबुद्ध मनोवैज्ञानिक **प्रो. किशोर गेरा** पूर्व विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग सुखाड़िया विश्वविद्यालय तथा इस विषय में पारंगत **श्रीमती किरण गेरा** ने कार्यशाला का संचालन किया। दो दिन की कार्यशाला के अंत में विद्यार्थियों ने जो फीड बेक दिया उससे लगा कि कार्यशाला काफी उपयोगी रही। विद्यार्थियों ने व्यक्त किया कि यह कार्यशाला अधिक समय तक हो तथा अधिक विद्यार्थियों के लिए हो। विद्यार्थियों के दृष्टिकोण में मौलिक परिवर्तन आया। कार्यक्रम के संयोजक **इंजी. जे.एन. कविराज जी** ने संपूर्ण व्यवस्था की तथा हमारे एकेडमिक सचिव **श्री प्रकाश तातेड़** ने बौद्धिक योगदान दिया। यह कार्यक्रम समिति के **महावीर स्वाध्याय कक्ष** में आयोजित हुआ।

## स्वास्थ्य सेवाएं

**निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर : विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। मई माह में 8 शिविर हुए जिसमें 105 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

**श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर : विज्ञान समिति** में **पैंतीसवां शिविर दिनांक 15 मई 2016** तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुराग तलेसरा अस्थिरोग विशेषज्ञ, दर्शन डेंटल कॉलेज के दंत रोग विशेषज्ञ, श्री अंकित नागौरी–ब्लड शुगर जांच, श्री बी.एल.पोखरना एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 65 नागरिकों का ( 11 सामान्य, 12 हृदय, 8 अस्थि रोग, 18 मधुमेह, 2 दंत, ) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 6 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी से चिकित्सा पराम ि दिया गया। आगामी **छतीसवां शिविर 19 जून 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा ।**

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की संगोष्ठी इस माह **आचार्य डॉ.शिव मुनि** के सान्निध्य में नाई गांव के महावीर भवन में 15 मई को 3.30 बजे से 6.00 बजे के मध्य हुई। विषय था **''ध्यान से ज्ञान''**। प्रारम्भ में **डॉ. नारायणलाल कच्छारा** ने विद्वानों एवं विज्ञान समिति परिचय कराया, विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत की तथा आचार्य श्री का विस्तृत परिचय प्रदान किया। फिर सभी उपस्थित लोगों को **आचार्य श्री** ने 15 मिनट का ध्यान करवाया। बाद में **शिरीष मुनि जी** एवं **आचार्य श्री** ने इस विषय पर गहराई से प्रकाश डाला। समिति की ओर से **प्रो. पी.एम. अग्रवाल, कर्नल बया, श्री जे.एस. पोखरणा, डॉ. ओ.पी. चपलोत** ने प्रस्तुति दी तथा **आचार्य श्री** के प्रवचन पर प्रसन्नता व्यक्त की। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने आभार व्यक्त करते हुए **आचार्य श्री** एवं **शिरीष मुनि जी** के सारगर्भित प्रवचनों को सराहा। अपनी ओर से आभार व्यक्त किया तथा एक स्वरचित कविता **'महावीर तुम क्यों पूजे जाते हो'** का वाचन किया। एक महिला जिन्होंने सारे बत्तीस आगमों का अध्ययन किया है उनको भी नमन किया। मगंल पाठ के उपरान्त नाई ग्राम समाज द्वारा आयोजित स्नेह भोज में भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रकोष्ठ के संयोजक **डॉ. एन.एल. कच्छारा** ने किया।

## केलवा प्रोजेक्ट

- **श्रद्धा** का 31 वां अंक (मई) प्रकाशित–वितरित हुआ। तीन महानुभावों से पुस्तकें प्राप्त हुई।

## .सदस्यों संबंधी

- हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान् मदनसिंह जी सुराणा, श्रीमती लीला जी सुराणा** एवं हमारे संरक्षक सदस्य **श्री प्रफ्फुल सुराणा** का हांगकांग से फोन आया जिसमें विज्ञान समिति सदस्यों को याद किया। बाद में भेजी गई मासिक रिपोर्ट आदि भी मिल गए जिस पर उन्होंने बहुत संतोष व्यक्त किया।

- हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष **डॉ. यशवन्त कोठारी** को हल्का हृदयघात जैसा अनुभव हुआ। अमेरिकन हॉस्पिटल में आवश्यक परीक्षण हुए। फिर अहमदाबाद में एंजियोग्राफी करवाई गई, जिसमें कोई अवरोध नहीं पाया गया। अब वे घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।(मो.– 9352507222)

- हमारे वरिष्ठ सदस्य **डॉ. अरूण बोर्दिया** एवं **डॉ. जी.सी. लोढ़ा** को रेड क्रॉस दिवस पर 8 मई को रेड क्रॉस भवन में जिला कलक्टर की उपस्थिति में रेड क्रॉस के माध्यम से विशिष्ट जन सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। हार्दिक बधाई।

● हमारे कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़, श्रीमती शकुन्तला धाकड़, पुष्पा जी कोठारी, मुनीश जी गोयल, श्रीमती गोयल** भ्रमण पर कश्मीर, लेह, लद्दाख 22 मई को गए और 2 जून को पुनः लौट गए।

● हमारे कार्यकरी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** एवं **श्री शांतिलाल भंडारी** ने उदयपुर स्मार्ट सिटी कान्क्लेव (दरबार हॉल) में 21 मई को भाग लिया।

● हमारे संरक्षक सदस्य एवं सहसचिव **श्री पवन कोठारी**, सदस्या **श्रीमती मोनिका कोठारी** बच्चों सहित पूर्वात्तर के भ्रमण पर 4 मई को गए और 13 मई को सकुशल लौट आए।

● हमारे पूर्व अध्यक्ष **श्री एच.वी. पालीवाल एवं श्रीमती पालीवाल** कुछ दिनों के लिए मुम्बई स्वास्थ्य लाभ हेतु गए। पुनः 23 मई को लौट आए।

● हमारी सदस्या **डॉ. प्राची भटनागर** को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। हार्दिक बधाई।

● हमारे सदस्य **श्री शांतिलाल भंडारी** की पौत्री काव्या भंडारी ने सी.बी.एस.सी. की 12वीं विज्ञान कक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हार्दिक बधाई।

● हमारे सांस्कृतिक सचिव **डॉ. बी.एल. चावत** की पौत्री सुश्री नीशु चावत ने सी.बी.एस.सी. बोर्ड की 12वीं वाणिज्य में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हार्दिक बधाई।

## जन्मदिन की बधाइयाँ

### June

| | |
|---|---|
| Dr. N.L. Gupta | 02/06 |
| Miss Pratichi A. Bhatnagar | 07/06 |
| Sh. Ibrahim Ali | 12/06 |
| Sh. M.S. Khamesara | 12/06 |
| Sh. Javerchand Dagliya | 15/06 |
| Dr. K.L. Kothari | 30/06 |
| Sh. MS Pandya | 30/06 |

### July

| | |
|---|---|
| Dr. Lalit Kumar Kothari | 01/07 |
| Sh.R.K. Bhargav | 01/07 |
| Sh.Pawan Kothari | 05/07 |
| Dr.Surendra Changani | 06/07 |
| Dr.S.L. Bapna | 08/07 |
| Mrs.Chandrakanta Bhandari | 08/07 |
| Dr. L.L. Dhakar | 14/07 |
| Sh.S.L. Singhvi | 18/07 |
| Smt. Manjula Sharma | 20/07 |
| Sh.D.C. Kothari | 24/07 |
| Dr. K.B.Sharma | 28/07 |



**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**



## विज्ञान समिति के जून माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❐ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❐ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 19 जून 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ⁕ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 10 जून 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ⁕ दर्शन विज्ञान मासिक संगोष्ठी | 11 जून 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 जून 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ⁕ ग्रामीण महिला चेतना शिविर वार्षिक समारोह | 30 जून 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ⁕ पर्यावरण दिवस(विविध कार्यक्रम) | 2 से 6 जून 2016 | |
| ⁕ दांपत्य जीवन और पर्यावरण सुरक्षा | 5 जून 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ⁕ इंजी. एल.बी. बक्षी स्मृति व्याख्यान | 17 जून 2016 | सायं 05.00 बजे से |

### अपील

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

सेवा में

सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर

Quick Print Service # 94147 36608